आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 28.05.2026
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्र ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण के लिए सार्थक–पीडीएस योजना के विस्तार को मंजूरी दी। योजना पर 25 हजार पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक खर्च होंगे।
- राज्य सरकार ने केदारनाथ, यमुनोत्री, हेमकुंड साहिब और आदि कैलाश यात्रा मार्गों पर घोड़ा–खच्चरों के संचालन के लिए नई एसओपी जारी की, पशुओं के पंजीकरण, स्वास्थ्य जांच और सुरक्षित संचालन को अनिवार्य किया गया।
- केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पिथौरागढ़ जिले के धारचूला स्थित भारत–नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
- ईद–उल–जुहा के अवसर पर देहरादून में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए आज विशेष ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू।

**मंत्रिमण्डल बैठक**

केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत राशन, परिवहन और प्रबंधन सहायता योजना– सार्थक–पीडीएस को जारी रखने की अनुमति दे दी है। इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से 25 हज़ार 530 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह योजना सार्वजनिक वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण में सहयोग करेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से देश के प्रत्येक जरूरतमंद लोगों तक समय पर अनाज पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में इस प्रणाली को और अधिक आधुनिक और प्रभावी बनाने का निर्णय लिया गया है।

## एसओपी

राज्य सरकार ने केदारनाथ, यमुनोत्री, हेमकुंड साहिब और आदि कैलाश यात्रा मार्गों पर घोड़ा–खच्चर जैसे अश्ववंशीय पशुओं के संचालन के लिए नई मानक संचालन प्रक्रिया– एसओपी जारी की है। सरकार के अनुसार यह व्यवस्था श्रद्धालुओं की सुरक्षित और सुगम यात्रा के साथ–साथ पशुओं के संरक्षण और कल्याण को ध्यान में रखकर लागू की गई है।

**नई एसओपी के अनुसार यात्रा मार्गों की वहन क्षमता तय की गई है। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर अधिकतम 5 हजार, हेमकुंड साहिब मार्ग पर लगभग एक हजार पचास और यमुनोत्री मार्ग पर करीब 595 अश्ववंशीय पशुओं के संचालन की अनुमति होगी।**

**सरकार ने सभी पशुओं का पंजीकरण अनिवार्य किया है। पंजीकरण से पहले स्वास्थ्य परीक्षण, ग्लैंडर्स जांच, ईयर टैगिंग और माइक्रोचिपिंग जरूरी होगी। स्वास्थ्य प्रमाणपत्र की वैधता 45 दिन रहेगी, जिसके बाद दोबारा जांच करानी होगी। अपंजीकृत पशुओं के संचालन पर रोक रहेगी। एसओपी में पशु कल्याण को प्राथमिकता देते हुए यात्रा मार्गों पर पानी, चारा और इलेक्ट्रोलाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पशुओं के लिए हल्की और वाटरप्रूफ काठियों के उपयोग पर भी जोर दिया गया है।**

**नई व्यवस्था में पशुओं पर अधिक भार लादने, घायल या बीमार पशुओं से काम लेने, बिना टोकन संचालन और पशुओं के साथ क्रूरता करने पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। दोषी पाए जाने पर लाइसेंस निरस्त करने, ब्लैकलिस्ट करने और एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी।**

**एसओपी के अनुसार सूर्यास्त के बाद और सूर्योदय से पहले पशुओं का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। खराब मौसम, बारिश या बर्फबारी की स्थिति में भी संचालन रोका जाएगा।**
**आका□ावाणी देहरादून के लिए समाचार कक्ष से अमित सुन्द्रियाल**

## संघ लोक सेवा आयोग

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने पशुपालन विभाग में सहायक कृषि अधिकारी और चारा सहायक के 90 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी कर दिया है। इसके लिए एक जून से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू होंगी और आवेदक 24 से 26 जून तक आवेदन में त्रुटि सुधार कर सकते हैं।

वहीं, संघ लोक सेवा आयोग ने पहली बार सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 की अनंतिम उत्तर कुंजी जारी की है। आयोग ने कहा कि परीक्षा में शामिल हुए उम्मीदवार 31 मई शाम छह बजे तक वेबसाइट पर उपलब्ध प्रश्न पत्र आपत्ति पोर्टल के माध्यम से अपनी आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं।

## भाजपा राश्ट्रीय अध्यक्ष उत्तराखंड भ्रमण

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आज उत्तराखंड दौरे पर आएंगे। इस दौरान संगठनात्मक बैठकों के साथ संत समाज, युवाओं और शिक्षाविदों से संवाद पर विशेष ध्यान केंद्रित होगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि श्री नवीन प्रदेश कार्यालय में कोर कमेटी और मंत्रिमंडल सदस्यों के साथ बैठक करेंगे।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष कल सांसदों, विधायकों, प्रदेश पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्षों, जिला प्रभारियों और जिलाध्यक्षों के साथ अलग–अलग बैठकें भी करेंगे।

कार्यक्रम के तहत महापौरों, नगर निकाय प्रतिनिधियों, जिला पंचायत अध्यक्षों और ब्लॉक प्रमुखों के साथ भी संवाद किया जाएगा। वहीं शाम को मीडिया, सोशल मीडिया, आईटी विभाग के कार्यकर्ताओं और प्रदेश प्रवक्ताओं के साथ विशेष संवाद कार्यक्रम रखा गया है।

**<u>सुरक्षा व्यवस्था का जायजा</u>**

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पिथौरागढ़ जिले के धारचूला स्थित भारत–नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सीमा पर तैनात जवानों के कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

गृह राज्य मंत्री ने काली नदी पर बने भारत–नेपाल सीमा के धारचूला झूला पुल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने उन्हें सीमा क्षेत्र में सुरक्षा प्रबंधन और सीमा संपर्क दल की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। इसके बाद नित्यानंद राय ने सीमा चौकी, धारचूला पहुंचकर जवानों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में तैनात सुरक्षा बल देश की पहली सुरक्षा पंक्ति हैं और कठिन परिस्थितियों में उनका समर्पण पूरे देश के लिए प्रेरणादायक है।

**<u>ट्रैफिक डायवर्जन</u>**

ईद–उल–जुहा के अवसर पर आज देहरादून में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू किया है। यह व्यवस्था सुबह 6 बजे से शुरु की गई है, जो 10 बजे तक प्रभावी रहेगी।

बिंदाल क्षेत्र की ओर जाने वाले यातायात को डायवर्ट किया गया है। बिंदाल की ओर से आने–जाने वाले वाहन कैंट मार्ग से अपने गंतव्य तक पहुंच सकते हैं। वहीं राजपुर रोड से बिंदाल की ओर जाने वाले वाहनों को घंटाघर से दर्शनलाल चौक की ओर भेजा जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर घंटाघर की ओर आने वाले ट्रैफिक को कैंट क्षेत्र की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

पुलिस प्रशासन ने बताया कि नमाज अदा करने के लिए आने वाले नमाजियों को घंटाघर से बिंदाल मार्ग पर जाने की अनुमति रहेगी। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए शहर में सात प्रमुख बैरियर प्वाइंट बनाए गए हैं।

## घंटाकर्ण महोत्सव

टिहरी गढ़वाल के गजा में आयोजित "गजा घंटाकर्ण महोत्सव–2026" का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं करते हुए धार्मिक पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क संपर्क को मजबूत करने पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने घंटाकर्ण महादेव मंदिर तक रोपवे निर्माण, कोटेश्वर झील विकास, डांडाचली में इको पार्क निर्माण तथा गजा क्षेत्र में विभिन्न आंतरिक मार्गों के निर्माण की घोषणा की। इसके साथ ही गजा मैदान के विस्तारीकरण और मंच निर्माण को भी मंजूरी दी गई।

उन्होंने शहीद विक्रम सिंह नेगी राजकीय पॉलिटेक्निक गजा में फार्मेसी विषय शुरू करने की घोषणा की। स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए चाका महिला अस्पताल को पीएचसी में उच्चीकृत करने और चाका में सामुदायिक भवन के सुदृढ़ीकरण की बात कही गई। मुख्यमंत्री ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिंगटाली और पजै गांव को इंटर स्तर तक उच्चीकृत करने तथा नरेंद्रनगर महाविद्यालय को पीजी स्तर पर विकसित करने की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गजा महोत्सव उत्तराखंड की लोक संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक विरासत को सहेजने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं।

## मौसम

प्रदेश में मौसम एक बार फिर से करवट ले सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र ने आज उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों के कुछ हिस्सों में कहीं–कहीं गरज के साथ बारिश, ओलावृष्टि और आंधी का ऑरेज अलर्ट जारी किया है। जबकि शेष जिलों में भी 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती है। वहीं 29 मई को उत्तरकाशी, देहरादून, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में गरज के साथ ही आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलने की संभावना को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही, उत्तरकाशी, देहरादून, टिहरी, रुद्रप्रयाग और चमोली जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है।

**एसआईआर प्रशिक्षण**

उत्तराखंड में चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर का प्रशिक्षण प्रदेशभर में कल से शुरू होगा, जो सात जून तक चलेगा।

आठ जून से बीएलओ घर–घर पहुंचेंगे और एसआईआर के गणना प्रपत्र भरने का काम शुरू होगा। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ व उनसे ऊपर के अधिकारियों को एसआईआर की सभी बारीकियां, अपील की प्रक्रिया भी समझाई जाएगी। आयोग के अनुसार प्रशिक्षण की तैयारियां पूरी हो गई हैं।